दिन– सोमवार दिनांक– 18/11/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने माध्यमिक और उच्च माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा–एसटीईटी दो हजार चौबीस का परिणाम जारी कर दिया है। बोर्ड के अध्यक्ष आनन्द किशोर ने बताया कि परीक्षा में दो लाख सत्तानवें हजार सात सौ सैंतालीस अभ्यर्थी सफल हुए हैं। श्री किशोर ने कहा कि नौवीं और दसवीं कक्षा के लिए एक लाख चौरानवे हजार छह सौ सत्तानवें अभ्यर्थी सफल हुए है। जबकि ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा के लिए आयोजित पात्रता परीक्षा में एक लाख तीन हजार पचास अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए है। परीक्षा परिणाम बिहार बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट सेकेंडरी डॉट बिहार बोर्ड ऑनलाइन डॉट कॉम पर देखा जा सकता है।

————————————————————

केन्द्र सरकार ने कहा कि आयुष्मान वय वंदन कार्ड योजना के तहत अब तक सत्तर वर्ष और उससे अधिक आयु के दस लाख से अधिक वरिष्ठ नागरिकों का नामांकन किया गया है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने कहा है कि अब तक इस योजना के तहत नौ करोड रूपये खर्च किये गये। जिससे सत्तर वर्ष और उससे अधिक आयु के चार हजार आठ सौ से अधिक वरिष्ठ नागरिकों को लाभ हुआ है। यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उनतीस अक्टूबर को योजना की शुरूआत किए जाने के तीन सप्ताह के भीतर हासिल की गई है। योजना के तहत बुजुर्ग नागरिकों को पांच लाख तक के मुफ्त इलाज की सुविधा दी जाती है।

————————————————————

भारत और नेपाल के बीच सीमा सुरक्षा को लेकर समन्वय बढ़ाने के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक आज काठमांडू में हो रही है। बैठक में मुख्य रूप से सीमा पार अपराध और अन्य देश के नागरिकों के अवैध प्रवेश रोकने पर चर्चा की जा रही है।

विधान परिषद की तिरहुत स्नातक सीट पर पांच दिसम्बर को होने वाले उप चुनाव के लिए आज नामांकन का अंतिम दिन है। उप चुनाव के लिए नामांकन करने वालों में जदयू के अभिषेक झा, राजद के प्रोफेसर गोपी किशन और जनसुराज के डॉ. विनायक गौतम प्रमुख हैं। कल नामांकन पत्रों की जांच होगी, जबकि इक्कीस नवम्बर तक उम्मीदवार अपना नाम वापस ले सकते हैं।

---

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा है कि उनकी पार्टी जमीनी स्तर पर एनडीए को मजबूत करने का काम कर रही है। श्री कुशवाहा ने बिहार यात्रा के चौथे चरण के तहत आज समस्तीपुर में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि अगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन की जीत निश्चित है। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान वे बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने का प्रयास कर रहे हैं और लोग बड़ी संख्या में रालोमा के सदस्यता अभियान से जुड़ रहे हैं।

---

राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने कहा है कि हिन्दी भाषा और साहित्य के विकास के लिए इसे दिल से अपनाना होगा। श्री आर्लेकर आज मुजफ्फरपुर में लंगट सिंह महाविद्यालय परिसर स्थित गोवा की पूर्व राज्यपाल और पद्म श्री डॉक्टर मृदुला सिन्हा की प्रतिमा के अनावरण समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि डॉक्टर मृदुला सिन्हा ने हिन्दी भाषा के उत्थान के लिए काफी प्रयास किया और बिहार की लोक संस्कृति को साहित्य के माध्यम से लोगों के सामने लाया।

---

अरवल जिले के कलेर थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या एक सौ उनतालीस पर सूर्य मंदिर के पास एक ट्रक और कार की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई।

———————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के बेतिया नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़ा रमना मैदान से पुलिस ने चार अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

पटना के जिलाधिकारी डॉक्टर चन्द्रशेखर सिंह ने आज परिवार नियोजन पखवाड़ा के तहत जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

———————————————————————

कटिहार रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या तीन पर ड्यूटी पर तैनात एक रेल अधिकारी विपिन कुमार सिंह की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई।

———————————————————————

समाप्त